Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01 जून, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-june-2021

अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस

विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 1 जून को **अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस** मनाया जाता है। रूस में अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पहली बार वर्ष 1949 में मनाया गया था। इसका निर्णय मॉस्को में अंतर्राष्ट्रीय महिला लोकतांत्रिक संघ की एक विशेष बैठक में लिया गया था। 1 जून, 1950 को विश्व के 51 देशों में अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पहली बार मनाया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। इस दिन बच्चों को तोहफे दिये जाते हैं तथा उनके लिये विशेष समारोहों का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में करीब 43 लाख से ज़्यादा बच्चे बाल मज़दूरी करते हैं। यूनिसेफ के अनुसार विश्व के कुल बाल मज़दूरों में 12 फीसदी की हिस्सेदारी अकेले भारत की है। भारत में कानून के अनुसार, बाल श्रम कराने पर छह माह से दो साल तक कारावास की सज़ा हो सकती है।

डेल्टा और कप्पा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कोरोना वायरस के दो वैरिएंट B.1.617.1 और B.1.617.2 का नामकरण किया है। अब B.1.617.1 वैरिएंट को **कप्पा** (Kappa) और B.1.617.2 वैरिएंट को **डेल्टा** (Delta) कहा जाएगा। ये दोनों वैरिएंट सबसे पहले भारत में पाए गए थे। WHO द्वारा कोरोना वायरस के दो नए वैरिएंट्स का नाम डेल्टा और कप्पा रखने का फैसला भारत की आपत्ति के करीब तीन हफ्ते बाद आया। UN हेल्थ एजेंसी के अनुसार एक एक्सपर्ट ग्रुप ने अल्फा, बीटा और गामा जैसे ग्रीक अल्फाबेट के लेबलिंग की पैरवी की थी ताकि नॉन-साइंटिफिक लोगों को लिये इसका उच्चारण आसान हो जाए तथा साथ ही उनकी उत्पत्ति वाले देशों से उनका लेबल हटा दिया जाए।

बिज़नेस कॉन्फिडेंस सर्वे

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ- फिक्की द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक “बिज़नेस कॉन्फिडेंस सर्वे” के अनुसार, मई 2021 के दौरान भारतीय कंपनियों का कारोबारी विश्वास तीन तिमाहियों में अपने सबसे निचले स्तर पर रहा, जबकि पिछले सर्वेक्षण में यह विश्वास पूरे दशक के उच्च स्तर पर था। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियों के कारण व्यापार विश्वास सूचकांक (BCI) में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सर्वेक्षण में BCI स्तर 2 पर था जबकि नवीनतम सर्वेक्षण में यह 1.5 पर है। सर्वेक्षण के अनुसार, रोज़गार और निर्यात में भी गिरावट दर्ज की गई है। ध्यातव्य है कि फिक्की भारत के व्यापारिक संगठनों का संघ है जिसकी स्थापना वर्ष 1927 में महात्मा गांधी की सलाह पर घनश्याम दास बिड़ला एवं पुरुषोत्तम ठक्कर द्वारा की गई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

प्रदीप चंद्रन नायर

लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने 1 जून, 2021 को **असम राइफल्स के 21वें महानिदेशक** के रूप में पदभार ग्रहण किया है। लेफ्टिनेंट जनरल नायर इससे पहले भारतीय सेना के भर्ती विभाग के महानिदेशक थे। लेफ्टिनेंट जनरल नायर को असम राइफल्स और पूर्वोत्तर की सुरक्षा के संबंध में काफी अनुभव है। वह असम राइफल्स (AR) में महानिरीक्षक और कंपनी कमांडर भी रहे हैं। इसके अलावा वह ब्रिगेड कमांडर के रूप में AR बटालियन की कमान संभाल चुके हैं। वह 'पूर्वोत्तर के प्रहरी' के रूप में जाने जाने वाले असम राइफल्स के 21वें महानिदेशक हैं। जनरल नायर को अति विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें वर्ष 1985 में सिख रेजिमेंट में शामिल किया गया था। **असम राइफल्स बल** पूर्वोत्तर क्षेत्र की सुरक्षा के लिये उत्तरदायी है। यह बल सुरक्षा मुहैया कराने, जनकल्याण के कार्य करने और विकास कार्यों में मदद करने समेत विविध भूमिकाएँ निभाता है।